## खबर संक्षेप

### मतदाता गणना पत्रक शीघ्र भरकर बी.एल.ओ. को कराएं उपलब्धः जिला निर्वाचन अधिकारी



**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य के अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर पहुंचकर वितरित किए गए गणना पत्रक को शीघ्र भरकर संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कई मतदाताओं द्वारा अभी तक गणना पत्रक वापस नहीं किए गए हैं, जिन मतदाताओं ने अब तक गणना पत्रक नहीं भरा है, वे अतिशीघ्र अवश्य रूप से जमा कर दें। उन्होंने कहा कि गणना पत्रक भरने में यदि किसी प्रकार की समस्या हो, तो मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं या फिर दिए गए दूरभाष नंबर 8349901772 पर कॉल करके समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची से संबंधित जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है, जिसे कोई भी मतदाता ऑनलाइन देख सकते हैं।

### धारदार हथियार रखने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के बुढ़ार थाना अंतर्गत पुलिस को कस्बा गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति छाटा नवा टोला स्थित घर के पास आम मार्ग पर हाथ में लोहे का तेज धारदार हथियार लेकर खड़ा है तथा राहगीरों को डरा-धमकाकर भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित कर रहा है। उक्त सूचना पर तत्परता दिखाते हुए बुढ़ार पुलिस द्वारा आरोपी अरुण उर्फ भूरा कोल पिता हीरामन कोल उम्र 25 वर्ष निवासी छाटा नवा टोला थाना बुढ़ार के कब्जे से तेज धारदार बका जप्त कर गिरफ्तार किया कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

## ठंडे बस्ते में पड़ी प्रशासन की दिखावटी कार्रवाई

# संभागीय मुख्यालय में अतिक्रमण का सामाज्य

### नगर पालिका की नाकामी उजागर, फुटपाथ गायब, सड़कें संकरी

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय में अतिक्रमण अब विकराल रूप ले चुका है। शहर के मुख्य मार्गों पर फुटपाथों का नामोनिशान नहीं बचा है, सड़कें बाजार में तब्दील हो गई हैं और नगर पालिका प्रशासन मानो आंखें मूंदे बैठा है। कुछ दिन पहले नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाने का ढोंग अवश्य रचा था, लेकिन वह कार्रवाई आज फिर ठंडे बस्ते में है। नागरिकों से कर वसूलने वाला यही प्रशासन बुनियादी सुविधा तक देने में असमर्थ दिखाई दे रहा है, जबकि पूरे शहर में अवैध कब्जों ने यातायात व्यवस्था को पंगु कर दिया है।

#### पाली रोड बना 'अवैध बाजार'

जिला पंचायत के सामने पाली रोड पर अतिक्रमण की खुली होड़ लगी हुई है। यहां दर्जनों अस्थायी दुकानें, चाय-ठेले, फल व सब्जी विक्रेता खुलेआम सड़क पर कब्जा जमाए हुए हैं। पूर्व कलेक्टर मुकेश शुक्ला ने इस पूरे क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने, जमीन की पैमाइश कराने और यहां वाटिका विकसित करने का आदेश दिया था, लेकिन उनके स्थानांतरण के साथ ही वे आदेश भी फाइलों में दफन हो गए। आज हाल यह है कि कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत जैसे महत्वपूर्ण कार्यालयों के सामने सड़क पूरी तरह बाजार बन चुकी है, जहां से रोजाना वरिष्ठ अधिकारी गुजरते हैं, मगर स्थिति सुधारने की पहल नहीं होती।

#### सड़क का अस्तित्व ही खत्म

पाली रोड का यह हिस्सा नेशनल हाइवे का अंग है जहां 24 घंटे भारी वाहनों, बसों और ट्रकों का आवागमन रहता है, लेकिन सड़क किनारे दुकानें फैलने के कारण मार्ग अत्यंत संकरा हो गया है। इसी मार्ग पर तहसील, जनपद और कलेक्ट्रेट स्थित होने से भीड़ लगातार बनी रहती है। सड़क के दोनों ओर किए गए कब्जों के चलते दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा हुआ है। रीवा रोड पर कमिश्नर कार्यालय के सामने तो सड़क किनारे गद्दा, कंबल और रजाई विक्रेता स्थायी रूप से डेरा डाले बैठे हैं। सवाल उठता है कि इन कारोबारियों को हटाने में आखिर बाधा क्या है?



#### अतिक्रमण का सबसे बड़ा अड्डा

सब्जी मंडी की हालत तो और भी भयावह है। यहां फुटपाथ तो दूर सड़क तक का अस्तित्व दिखना मुश्किल है। ठेले वाले बीच सड़क में दुकानें लगाते हैं और नगरपालिका मौन साधे बैठी है। बीते वर्षों में नगर पालिका की टीम ने कार्रवाई की थी, लेकिन फुटकर व्यापारियों ने एकजुट होकर कार्रवाई रोक दी और प्रशासन बैकफुट पर आ गया। इसके बाद से स्थिति पहले से ज्यादा बदतर हो चुकी है। ठेले और गुमटी संचालकों को नगर पालिका से अनुमति तक नहीं है, इसके बावजूद वे मुख्य मार्गों पर कब्जा जमाए बैठे हैं। बड़े दुकानदार भी फुटपाथों पर सामान सजाकर राहगीरों का रास्ता बंद कर देते हैं। सब्जी मंडी में बने गुट खुलेआम प्रशासन का विरोध कर रहे हैं और नगरपालिका स्वयं को पुलिस व प्रशासनिक संरक्षण के बिना असहाय महसूस कर रही है।

#### पैदल यात्री सड़क पर चलने को मजबूर

पैदल चलने वालों की सुविधा के लिए बनाए गए फुटपाथ अब दुकानों की शो-केस में बदल चुके हैं। व्यापारी सामान फैला कर फुटपाथ को अपना गोदाम समझ बैठे हैं। शहर के अधिकांश हिस्सों जिला जेल, बुढ़ार रोड, पांडवनगर रोड—कहीं भी फुटपाथ उपयोग में नहीं हैं। मजबूरन पैदल यात्रियों को सड़क के बीचोंबीच चलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की संभावना हर पल बनी रहती है। बढ़ती आबादी के साथ यह समस्या और गंभीर होती जा रही है।

#### चौराहे भी जकड़े अतिक्रमण में

जयस्तंभ चौक, गांधी चौक जैसे प्रमुख स्थानों की हालत और भी खराब है। यहां भारी वाहनों की आवाजाही दिन-रात रहती है, लेकिन चौराहों की पटरियां दुकान बनने के कारण संकरी हो गई हैं। गांधी चौक में सराफा व्यापारी, फूल विक्रेता और अन्य कारोबारियों ने सड़क से फुटपाथ तक कब्जा कर रखा है। पुलिसकर्मी यहां व्यवस्था बनाने के लिए मौजूद तो रहते हैं, लेकिन अतिक्रमण हटाने की हिम्मत कोई नहीं दिखाता।

#### मकान मालिकों का नया धंधा

सड़कों पर ठेलों का कब्जा महज अव्यवस्था या प्रशासन की नाकामी ही नहीं है, इसके पीछे एक और गंभीर पहलू है, मकान मालिकों द्वारा मासिक 'किराया वसूली'। जिन मकानों के सामने ठेले लगाए जाते हैं, उनके मालिक ठेले वालों से हर महीने रकम वसूलते हैं। ऐसे में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रभावित होती है, क्योंकि ये रिश्ते आर्थिक हितों पर टिके हैं। नगरपालिका को यह स्पष्ट रूप से पता है, फिर भी प्रशासन खामोश है।

#### नगर पालिका की निष्क्रियता पर सवाल

नगर पालिका नागरिकों से कर वसूलती है, लेकिन शहर की मूलभूत व्यवस्था सुधारने में पूरी तरह विफल दिखाई देती है। अधिकारी मौके पर जाकर निर्देश तो देते हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति होती है। अतिक्रमण हटाओ अभियान शहर में लागू होने से पहले ही खत्म मान लिया जाता है। शहर में अतिक्रमण की समस्या अब सामान्य नहीं रही। यह यातायात, सुरक्षा, पैदल यात्रियों की सुविधा और शहर के सौंदर्यीकरण से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। नगर को व्यवस्थित करने के लिए प्रशासन को बड़े और निरंतर अभियान की जरूरत है, ऐसा अभियान जिसमें राजनीतिक दबाव, व्यापारियों की जिद और व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर निर्णय लिए जाएं।

## सोहागपुर एरिया व्हीकल कांट्रैक्टर एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न

#### मोहम्मद इस्माइल सर्वसम्मति से बने अध्यक्ष

**धनपुरी।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के सोहागपुर एरिया में व्हीकल कांट्रैक्टर एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव शनिवार को सम्पन्न हुआ। लंबे समय से कोल माइंस और कॉलरी कॉलोनियों में कार्यरत वाहन मालिकों का यह संगठन उनके हितों की पैरवी करता है। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद मोहम्मद इस्माइल को सर्वसम्मति से संगठन का अध्यक्ष चुना गया। चुनाव परिणाम घोषित होते ही सदस्यों ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। व्हीकल कांट्रैक्टर एसोसिएशन में इस बार जिन पदाधिकारियों का चयन हुआ, उनमें मोहम्मद



इस्माइल को अध्यक्ष, प्रमोद कुशवाहा को कार्यकारी अध्यक्ष, मनोज तिवारी और मोनिस चौधरी को उपाध्यक्ष, अमन सिंह को महासचिव तथा अनिल कुशवाहा को सचिव बनाया गया है। वहीं परवेज खान को सह सचिव और सुधांशु कुमार को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चुनाव संबंधी प्रतिलिपि क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी एसईसीएल सोहागपुर एरिया और थाना प्रभारी अमलाई को भेजी गई है।अध्यक्ष बनने के बाद मोहम्मद इस्माइल ने कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि कोल माइंस और कॉलरी कॉलोनियों में वर्षों से सेवाएं दे रहे वाहन मालिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया जाएगा और उनकी मांगों के समाधान के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन सामूहिक हितों की रक्षा के लिए हमेशा सक्रिय रहेगा। चुनाव के दौरान सदस्यों ने पारदर्शिता और एकजुटता की मिसाल पेश की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वाहन मालिक और एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे। चुनाव सम्पन्न होने के बाद पूरे वातावरण में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।

### नाबालिग से दुष्कर्म एवं ब्लैकमेलिंग का आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्रांतर्गत पुलिस ने नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म करने और आपत्तिजनक सामग्री वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग करने के गंभीर मामले में कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। फरियादिया उम्र 16 वर्ष द्वारा 27 नवम्बर को अपने परिजनों के साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि आरोपी अंकित उर्फ राजा वर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी अनूपपुर जबरन उसके घर में घुस आया। आरोपी ने पीड़िता को शादी का झाँसा देते हुए उसके साथ जबरन गलत काम बलात्कार किया। जघन्य कृत्य करते समय आरोपी ने पीड़िता की आपत्तिजनक फोटो अपने मोबाइल में खींच ली थी। जाते समय उसने किसी को भी घटना बताने पर जान से खत्म करने की धमकी दी। उक्त कृत्य के बाद आरोपी अंकित उर्फ राजा वर्मा ने पीड़िता के मोबाइल पर संपर्क कर उन तस्वीरों/वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर बात करने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर बुढ़ार थाना में सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। उक्त पर कार्यवाही करते हुए थाना बुढ़ार पुलिस द्वारा दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग के आरोपी अंकित उर्फ राजा वर्मा को उसके निवास स्थान से तत्काल गिरफ्तार कर लिया है।



## दुष्कर्म का फरार ईनामी आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार



**शहडोल।** जिले के थाना देवलोंद क्षेत्रांतर्गत धारा 450, 376 भारतीय दंड संहिता के तहत पंजीबद्ध जघन्य अपराध के फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस टीम को सफलता प्राप्त हुई है। फरियादिया द्वारा 06 दिसम्बर 2024 को थाना देवलोंद में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी गोवर्धन खैरवार ने अवैध रूप से उसके घर में घुरकर उसके साथ बलात्कार कारित किया है। उक्त घटना की सूचना पर देवलोंद पुलिस द्वारा गंभीर प्रकरण दर्ज कर तत्काल विवेचना में लिया गया था। घटना के उपरांत से ही आरोपी लगातार फरार चल रहा था। आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी की सूचना देने वाले व्यक्ति को 5000 रुपये का नगद इनाम घोषित किया गया था। आरोपी की पतासाजी एवं गिरफ्तारी के संबंध में एसडीओपी ब्यौहारी के निर्देशन में थाना देवलोंद से विशेष टीम गठित कर आरोपी की सक्रिय तलाश के लिए कटनी, जबलपुर एवं पुणे महाराष्ट भेजा गया। तकनीकी एवं मानवीय सूचनाओं के आधार पर देवलोंद पुलिस टीम द्वारा आरोपी गोवर्धन खैरवार पिता विशेषर खैरवार उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम रम्पुरवा थाना देवलोंद को पुणे, महाराष्ट्र से सफलतापूर्वक अभिरक्षा में लिया। गिरफ्तार आरोपी का विधिवत मेडिकल परीक्षण कराया जाकर उसे माननीय न्यायालय ब्यौहारी के समक्ष न्यायिक रिमांड के लिए प्रस्तुत किया गया है। उक्त कार्यवाही एसडीओपी ब्यौहारी मुकेश अविद्रा के निर्देशन व थाना प्रभारी सुभाष दुबे के नेतृत्व में उपनिरीक्षक हरिभान सिंह परस्ते, प्रधान आरक्षक सुनीत मिश्रा, दिनेश शुक्ला, आरक्षक शिवेष त्रिपाठी, अभिषेक तिवारी की भूमिका रही।

### अंतर्राष्ट्रीय गीता दिवस पर जिला स्तरीय महोत्सव आज

**शहडोल।** प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 1 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय गीता दिवस के अवसर पर जिले में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पांडवनगर में प्रातः 11 बजे से जिला स्तरीय गीता महोत्सव का आयोजन होगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, स्वयंसेवी संस्थाएं, सामाजिक कार्यकर्ता, इस्कॉन, विश्व गीता प्रतिष्ठान, गीता परिवार के प्रतिनिधि तथा समाज के सभी वर्ग के लोग सहभागिता करेंगे।

जिला स्तर से लेकर सभी जनपद मुख्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में भी गीता दिवस के कार्यक्रम होंगे। स्कूलों व कॉलेजों में गीता ज्ञान प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन तथा वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए जिम्मेदारियां निर्धारित की हैं। कार्यक्रम का नोडल अधिकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम प्रजापति को नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम स्थल की संपूर्ण व्यवस्था का दायित्व परियोजना अधिकारी, शहरी विकास अभिकरण अक्षत बुदेला को सौंपा गया है। अतिथियों के आमंत्रण की जिम्मेदारी जिला शिक्षा केंद्र के जिला परियोजना समन्वयक अमरनाथ सिंह को दी गई है।कार्यक्रम स्थल पर रंगोली एवं साज-सज्जा की जिम्मेदारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अखिलेश मिश्रा को दी गई है, जबकि स्कूली छात्रों की सहभागिता, प्रतियोगिताओं के संचालन व विजेताओं की सूची तैयार करने का दायित्व जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त आनंद राय सिन्हा तथा जिला शिक्षा अधिकारी फूलसिंह मारपाची को दिया गया है। जिला समन्वयक जन अभियान परिषद विवेक पांडेय को समन्वय अधिकारी नियुक्त किया गया है।विकासखंड स्तर के कार्यक्रमों के लिए नोडल अधिकारी संबंधित एसडीएम तथा सहायक नोडल अधिकारी जनपद पंचायत के सीईओ होंगे। गीता दिवस पर भगवान श्री कृष्ण की चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी एवं श्रीमद्भगवद गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ किया जाएगा।

## जीवन अनमोल, दोपहिया वाहन चलते समय हेलमेट जरूर लगाएं



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिलेवासियों से सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है और दोपहिया वाहन चलाते समय या सवारी के रूप में यात्रा करते हुए हेलमेट पहनना अनिवार्य रूप से अपनाया जाना चाहिए। कलेक्टर ने चेतावनी दी कि छोटी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है, जिससे न केवल व्यक्ति बल्कि पूरा परिवार प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनना केवल कानून का पालन भर नहीं, बल्कि अपने जीवन की सुरक्षा का सबसे सरल और प्रभावी उपाय है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि सड़क पर चलते समय सुरक्षा को सर्वोपरि रखें और हर यात्रा को जिम्मेदारी के साथ पूरा करें। कलेक्टर ने कहा कि सुरक्षित नागरिक ही सुरक्षित समाज की नींव हैं, इसलिए यात्रा शुरू करने से पहले हेलमेट लगाना अपनी आदत बनाएं।

### दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार



**शहडोल।** जिले की सिंहपुर पुलिस ने महिला थाना से मिली गंभीर शिकायत के आधार पर तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी राजाराम कोल निवासी अमरहा थाना सिंहपुर के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा.69 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। फरियादिया ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर लगभग दो साल तक शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी उसे अपने घर अमरहा भी लाया और वहां भी लगातार संबंध बनाता रहा। जब फरियादिया ने शादी करने के लिए कहा तो आरोपी ने इससे साफ इनकार कर दिया और उसे घर से निकाल दिया। महिला संबंधी अपराधों पर सख्त रुख अपनाते हुए थाना सिंहपुर पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया।

### पुलिस ने सट्टा कारोबार पर कसा शिकंजा, दो आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नशा एवं सट्टा-जुआ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जैतपुर और धनपुरी पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पहली कार्रवाई थाना जैतपुर क्षेत्र में 28 नवंबर को की गई। कस्बा भ्रमण के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम ममरा बड़ा, चौकी नाला टोला में एक व्यक्ति सट्टा पर्ची के माध्यम से अवैध दांव लगवा रहा है। सूचना पर घेराबंदी कर दबिश दी गई, जिस दौरान आरोपी उमेश त्रिपाठी उम्र 38 वर्ष निवासी ममरा बड़ा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक सट्टा पर्ची, एक डॉट पेन और 1,840 रुपये नकद जब्त किए गए। दूसरी कार्रवाई थाना धनपुरी क्षेत्र में उसी दिन की गई। रजा मोहल्ला में सट्टा गतिविधियों की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर करनराज सिंह गौतम निवासी रजा मोहल्ला को पकड़ा।

**न्यायालय पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड शहडोल (म. प्र.)**
**(सुश्री श्वेता यादव)**

**RCSA/197/2025**

**राजू विश्वकर्मा व हीरा विश्वकर्मा दोनों पिता स्व. रामदुलारे विश्वकर्मा निवासी ग्राम पंचगांव तह. सोहागपुर जिला-शहडोल......वादीगण**

**बनाम**

**म.प्र.शासन व अन्य जिससे संबंधित हों .....प्रतिवादीगण**

दावा वसीयतनामा के अनुसार स्वत्व घोषणा वादभूमि ..... मौजा ग्राम वासिन वीरान पचगांव पटवारी हल्का पचगांव तहसील सोहागपुर जिला शहडोल (म.प्र.) स्थित आराजी खसरा नं. 377 रकवा 0.4900 हेक्ट. खसरा नं. 317 रकवा 0.1620 हेक्ट. खसरा नं. 115 रकवा 0.1540 हे खसरा नं. 429/1 रकवा 0.0230 हेक्ट. कुल चार किता कुल रकवा 0.829 हेक्टेयर भूमि। अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हेतुक दर्शित करने के लिए ता. 15.12.2025 को 10:30 AM पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिया गया है, उपसंजात हों। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो, आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एकपक्षीय रूप से किया जायेगा।

आज ता. 21. 11. 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

आदेश
सुश्री स्वेता यादव
पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ, खण्ड, शहडोल (म.प्र

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता— बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निमेंश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण-** 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजींव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति —धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण-** 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाशप्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## खबर संक्षेप

### 1 दिसंबर से 3 दिसंबर तक गीता महोत्सव का आयोजन

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिला एवं विकासखंड स्तर पर 1 से 3 दिसंबर तक गीता महोत्सव का आयोजन किया जाएगा । इस अवसर पर 1 दिसंबर को गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक गायन, 2 दिसंबर को प्रतियोगिता, निबंध, वाद विवाद तथा 3 दिसंबर को सेमीनार सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगे । कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग , जिला जेल अधीक्षक , प्राचार्य लीड कालेज से कहा है कि कार्यक्रम का आयोजन अपने अधीनस्थ आने वाले समस्त विद्यालयो तथा छात्रावास एवं कालेज मे करना सुनिश्चित करे।

### एक बगिया मां के नाम परियोजना की सीईओ जिला पंचायत ने की समीक्षा



**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह की अध्यक्षता में एक बगिया माँ के नाम परियोजना की समीक्षा जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई । बैठक में बताया गया कि प्रति जनपद 100 कुल प्राप्त लक्ष्य 300 के विरुद्ध करकेली में 88, मानपुर 60, पाली 74 लक्ष्य की प्राप्ति की गई। कम प्रगति होने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए उपयंत्री अनिल तिवारी, अजय कुमार, अमृतलाल गुप्ता, प्रमोद खारे, संतोष सिंह जनपद पंचायत मानपुर, उपयंत्री बृजेश प्रताप सिंह जनपद पंचायत पाली को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाने व बुधवार तक प्रगति न आने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए । समीक्षा बैठक में पीओ मनरेगा, समस्त सहायक यंत्री, उपयंत्री व एनआरएलएम के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### निधन पर शोक

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर के चार वार्ड क्रमांक 4 निवासी संजय केसरवानी का असमय निधन हो गया। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात्रि संजय केशरवानी अपनी दुकान बंद कर घर गए और अचानक रात्रि में उसकी तबीयत बिगड़ गई जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां हूं जहां उनकी मृत्यु हो गई। बताया जाता है कि पिछले हफ्ते संजय केसरवानी की बच्ची की शादी हुई थी और एक सप्ताह भी नहीं बीते थे और यह दुखद घटना हो गई। उनके निधन की खबर सुनते ही नगर में शोक की लहर व्याप्त हो गई।

### आपरेशन विशेष मुस्कान के तहत गुम नाबालिग दस्तयाब

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। थाना कोतमा में दर्ज गुम इंसान नाबालिग बालक उम्र 16 वर्ष नि. जमगांव थाना कोतमा 07 सितम्बर को अपने घर से बिना बताए कही चला गया था। गुमशुदगी की सुचना प्राप्त होने पर घटना दिनांक से ही नाबालिग बालक की पता तलास कोतमा पुलिस द्वारा की जा रही थी जिसे 28 नवम्बर को दस्तयब करते हुए ह अपहृत बालक को उसके परिजन को सुपुर्द किया गया। गुम बालक के वापस परिवार में आने से परिजनों ने खुशी जाहिर की है। कार्यवाही में थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल के साथ एएसआई विनय सिंह परिहार, विनोद मरावी महेश साहू शामिल रहे।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**कोतमा।** सड़क दुर्घटना में 28 वर्षीय युवक की मौत होने का मामला सामने आया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि शुक्रवार की रात्रि थाना अंतर्गत छुल्हा गांव के पास मोड मे दो पहिया वाहन चालक उमेश पिता सोहेलाल अगरिया 28 वर्ष निवासी तरसिली बिजुरी थाना गांव से दोपहिया वाहन में अपने किसी रिश्तेदार को लेने कोतमा रेलवे स्टेशन आ रहा था तभी मोड में दो पहिया वाहन अनियंत्रित हो गई और सड़क से दूर जा गिरी जिससे उमेश अगरिया को गंभीर चोट आई पीछे मोटरसाइकिल उसके दो अन्य साथी आ रहे थे जो उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।



# कलेक्टर ने खेल मैदानों तथा क्रीड़ा परिसर का किया औचक निरीक्षण

### 1 दिसंबर 6 दिसंबर तक बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का होगा आयोजन





**उमरिया।** 69वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 1 दिसंबर 6 दिसंबर तक आयोजित होगा। प्रतियोगिता मे 33 राज्यों के 693 प्रतिभागी भाग लेगे तथा 40 आफिसियल्स एवं 60 स्थानीय आफिसियल्स भाग लेंगे। फुटबॉल खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने संयुक्त रूप से जिला मुख्यालय उमरिया स्थित स्टेडियम , कृष्णताल, पीटीएस ग्राउण्ड तथा क्रीड़ा परिसर भरौला का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि खेल प्रतियोगिता की समस्त. तैयारियां नियत तिथि के पूर्व पूरी कर ली जाए । इसके साथ ही जिन ग्राउंड में खेलो का अयोजन किया जाना है, वहां पर साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखी जाए । फ्लैक्स, होर्डिग्स के माध्यम से फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए । खिलाडियो को मैदान तक पहुंचने में किसी भी प्रकार की असुविधा नही हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए । खिलाडियो को मीनू के अनुसार भोजन का प्रदाय किया जाए। कलेक्टर ने क्रीड़ा परिसर भरौला में खिलाडियो एवं कोचो के लिए की गई ठहरने एवं भोजन व्यवस्था का अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए । निरीक्षण के समय जिला शिक्षा अधिकारी आर एस मरावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व एड्स दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम होगा आयोजित

**उमरिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा व्ही एस चंदेल ने बताया कि विश्व एड्स दिवस 1 दिसम्बर को मनाया जाएगा । इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम (व्यवधान पर काबू पाना एड्स प्रतिक्रिया में बदलाव लाना) निर्धारित है।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एच.आई.वी./एड्स जन जागरूकता हेतु रैली, पोस्टर प्रतियोगिता ओपन क्विज, किकेट स्पर्धा, साईकिल रैली, इसके साथ साथ शहर के प्रमख चौराहो / बाजारो मानव श्रृंखला निमार्ण एवं अन्य जागरूकता का आयोजन किया जाना है । उन्होंने बताया कि 1 दिसंबर को प्रातः 08.30 बजे जिला चिकित्सालय उमरिया से प्रभात फेरी रैली का आयोजन किया गया है, जो जिला चिकित्सालय जयस्तम्भ होते हुये गाँधी चौराहे पर पहुंचेगी। इस दौरान एच0आई0व्ही0 एड्स से बचाव उपचार एवं इसकी रोकथाम संबंधी समस्त जानकारी प्रदान दी जाएगी । स्वास्थ्य विभाग के समस्त चिकित्सा अधिकारी कर्मचारी सेक्टर सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स एड्स विभाग के परामर्शदाता एंव लैब टेक्नीशियन, सुपरवाईजर एस.टी.एस., एस.टी.एल.एस. जिले की समस्त आशा छात्र/छात्रायें अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। कार्यकर्ता तथा पैरामेडिकल की महाविद्यालय एवं पैरामेडिकल कॉलेज उमरिया में अध्ययनरत छात्र/छात्रायें की एच.आई.व्ही. / एड्स विशय पर संगोश्टी, परिचर्चा, निबंध लेखन का भी आयोजन प्राचार्य के माध्यम से किया जावे। अतः प्राचार्य इस संबंध में आवष्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उन्होने बताया कि विश्व एड्स दिवस 1 दिसम्बर पर स्वैच्छिक रक्तदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया है । रक्तदान कोई भी व्यक्ति कर सकता है । ऐसे व्यक्ति जो 15 से 65 वर्ष का व्यक्ति जो स्वास्थ हो तथा जिनका हिमोग्लोबिन 12 ग्राम से अधिक एवं उसका वजन 45 किलोग्राम से ऊपर हो, प्रत्येक तीन माह के बाद रक्तदान कभी भी कर सकते है। जो भी व्यक्ति रक्त देता है उसकी पूर्ति 07 दिवस के अंदर हो जाती है। जिले के समस्त विभाग अधिकारी स्कूल एवं कॉलेज के छात्र/छात्राओ एन.जी.ओ. ग्रुप के सहयोगी जिले के जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक पत्रकारिता से संबंधित जन एवं जनसाधारण व्यक्ति जिला चिकित्सालय उमरिया में प्रातः 08.30 बजे से स्वैच्छिक रक्तदान कर सकते है।

# विवादास्पद बयान पर संतोष वर्मा का पुतला दहन कर जताया विरोध



**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** आईएएस संतोष वर्मा द्वारा 23 नवंबर एक प्रांतीय सम्मेलन में ब्राह्मण समाज की बेटियों पर आपत्तिजनक बयान देने से पूरे मध्यप्रदेश में गहरा आक्रोश फैल गया। जिले के बिजुरी नगर में ब्राह्मण समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार बिजुरी को ज्ञापन सौंपकर उनके खिलाफ तत्काल विभागीय और कानूनी कार्रवाई की मांग की। समाजजनों ने कहा कि यह बयान न केवल अमर्यादित और असंवेदनशील है बल्कि समाज की बेटियों का अपमान भी है। बिजुरी नगर के स्टेशन चौराहे पर सैकड़ो की संख्या में उपस्थित ब्राह्मण समाज के लोगों ने आईएएस संतोष वर्मा का पुतला बनाकर घसीटते हुए एवं नारेबाजी करते हुए नगर के मंदिर चौराहे पर पुतला को दहन किया गया तथा तहसील जाकर मुख्यमंत्री के नाम दिए गए ज्ञापन को नायब तहसीलदार को सौपा। विरोध प्रदर्शन में शामिल लवकुश शुक्ला, शिवानंद पांडे, श्यामचंद पांडे, कमलेश मिश्रा,पंकज पांडे,राजा मिश्रा, राम जी रिंकू मिश्रा, अशोक तिवारी, दिलीप शर्मा, राहुल शुक्ला, अभिषेक पाठक, रामबाबू शुक्ला, मनीष तिवारी, तुलसी मिश्रा, रामखेलावन तिवारी, विनोद द्विवेदी, शिव विनोद शुक्ला, रवि शुक्ला, शिव लखन शुक्ला, तीरथ मिश्रा, रवि ओझा, रावेन्द्र द्विवेदी, पप्पू त्रिपाठी, एड मयंक, दीपक उर्मिलया, मदन शर्मा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# न्यू जोन इंडिया एवं टोरेंट पावर द्वारा सीएसआर मद से किया कंबल वितरण



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** रक्सा कोलमी क्षेत्र में प्रस्तावित 1600 मेगावाट न्यू जोन इंडिया एवं टोरेंट प्राइवेट लिमिटेड विद्युत उत्पादन परियोजना के अंतर्गत आज कंपनी के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व मद से ग्रामीणों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। खेल मैदान, रक्सा में आयोजित इस जनकल्याणकारी कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीण, महिलाएं, किसान, बुजुर्ग तथा ग्राम प्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पूजन एवं वंदना के साथ हुआ। स्थानीय विद्यालय की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत कर समारोह में सांस्कृतिक गरिमा का संचार किया। कार्यक्रम में कंपनी प्रबंधन से आर. के. सिंह (प्रोजेक्ट हेड), सुधाकर पाण्डेय सीनियर वाइस प्रेसीडेंट सुशील कांत मिश्रा वाइस प्रेसिडेंट ओमप्रकाश नैनवाल, ब्रिगेडियर चरण वीर सिंह, लक्ष्मण जी, धीरज सिंह चौहान, कुलदीप सिंह, आकाश श्रीवास्तव, कपिल छेड़ा, अशोक मिश्रा, आदित्य राठौर, अमोल सिंह, हेमलाल सिंह, मुकेश, बाल सिंह, अर्जुन पटेल एवं लोकनाथ सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। ग्रामीण प्रतिनिधियों में चक्रधर मिश्रा, ग्राम रक्सा की सरपंच महोदया, उपसरपंच, ग्राम चक्रधर मिश्रा देवधर मिश्रा अमोल सिंह आदित्य राठौर नरेंद्र राठौर अर्जुन पटेल अशोक मिश्रा राजू राठौर कोलमी के सरपंच राजू पनिका सहित दोनों ग्राम पंचायतों के अनेक नागरिक मौजूद रहे। सीएसआर विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में ठंड को देखते हुए बुजुर्गों, महिलाओं और जरूरतमंद परिवारों के लिए कंबल वितरण की विशेष व्यवस्था की गई। ग्रामीणों ने कंपनी द्वारा प्रदान की जा रही समय-समय की सामाजिक सहायता जैसे स्वास्थ्य शिविर, पेयजल व्यवस्था, सामुदायिक समर्थन एवं सामग्री वितरण के प्रति संतोष व्यक्त किया। कंपनी प्रतिनिधियों ने कहा कि आने वाले समय में सीएसआर के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका संवर्धन, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं पर केंद्रित कई नए कार्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि परियोजना के निर्माण के दौरान स्थानीय लोगों को रोजगार एवं प्रशिक्षण में प्राथमिकता दी जाएगी। रक्सा कोलमी में आयोजित यह सामाजिक पहल कंपनी और समुदाय के बीच सहभागिता और विश्वास को सुदृढ़ करने वाली साबित हुई। कार्यक्रम का समापन ग्रामीणों द्वारा कंपनी प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

# 9 भू-अश्रितों को किया गया नियुक्ति पत्रों का वितरण



**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र अंतर्गत आमाडांड़ खुली खदान परियोजना से प्रभावित भू-अश्रित परिवारों के पुनर्वास एवं कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए 27.11.2025 को अजय कुमार महाप्रबंधक-संचालन द्वारा कुल 9 भू-अश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आमाडांड खुली खान परियोजना मे भूमि अग्रहित होने पर भू आश्रितों को मुआवजा तथा रोजगार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिस क्षेत्र के लोगों को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। यह पहल परियोजना-प्रभावित परिवारों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एसईसीएल समुदाय के उत्थान, क्षेत्रीय विकास तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति निरंतर समर्पित है।

# गुमशुदा युवती डेढ़ वर्ष बाद सकुशल दस्तयाब



**हरिभूमि न्यूजराजनगर। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एस.डी.ओ.पी. कोतमा के मार्गदर्शन में गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना रामनगर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।** थाना रामनगर में दर्ज गुम इंसान क्रमांक 29/24 के अंतर्गत लतिका खरारे पिता गणपत खरारे (परिवर्तित नाम), उम्र 19 वर्ष, निवासी पौराधार थाना रामनगर की गुमशुदगी की रिपोर्ट प्राप्त होने पर पता तलाश की गई। थाना प्रभारी रामनगर, एएसआई विनोद नाहर व पंकज मिश्रा साइबर सेल के सहयोग से सतत खोजबीन, संभावित स्थानों पर पड़ताल तथा मुखबिर सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई के परिणामस्वरूप 28.11.2025 को गुमशुदा युवती को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया है।

# बिना जानकारी काट रहे थे वृक्ष, नपा ने रोका



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर मे एक दर्जन से अधिक तालाब स्थित जो वर्तमान में देखरेख के अभाव मे अपना अस्तित्व ही खोते जा रहे हैं। कुछ तालाब तो अतिक्रमण के शिकार हो गए जहां लोगों ने तालाब की मेड़ पर आलीशान भवन बना लिए जिसके कारण तालाब का रकवा ही सिकुड़ गया। नगर में खाली पड़े भूमियों के साथ ही तालाबों पर भू माफियाओं की गिद्धदृष्टि बनी हुई है। ऐसा ही एक मामला नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 हाईवे के किनारे सामने आया जहां तालाब की मेड़ पर लगे हरे भरे विशालकाय वृक्षों को कटवाने का कार्य किया जा रहा था। सूचना मिलते ही मौके पर सीएमओ प्रदीप झारिया मनीष गर्ग पटवारी अभिमन्यु पाल एवं नगर पालिका का अमला मौके पर पहुंचकर हरे भरे विशालकाय वृक्षों को काटने से रोकते हुए मौके पर दो कुल्हाड़ी एक चैन जैसी मशीन एवं दो विशालकाय आम के वृक्षों को जप्ती करते हुए पंचनामा तैयार कार्यवाही करने की तैयारी में है।

# गीता जयंती पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम, तैयारियों के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर सोमवार 1 दिसंबर को जिला मुख्यालय और विकासखंड स्तर पर धूमधाम से समारोह पूर्वक गीता जयंती का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हर सिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को संस्कृति विभाग मंत्रालय एवं जिला प्रशासन के निर्देशों के अनुरूप आवश्यक तैयारी एवं व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी को कार्यक्रमों के सफल संचालन एवं संपूर्ण कार्रवाई हेतु ग्रामीण क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सुश्री कौर ने गीता जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय में सभी शासकीय एवं अशासकीय श्री कृष्ण मंदिरों, न्यास, गोपालक संस्थाएं एवं अन्य संस्थाओं के सहयोग से विशेष कार्यक्रम आयोजित करने तथा श्री कृष्ण मंदिरों की साफ सफाई श्रृंगार एवं रोशनी किए जाने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संतो, विद्तजनों द्वारा गीता के महत्व एवं व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर केंद्रित व्याख्यान आयोजित किए जाएं। सुश्री कौर ने अंतर्राराष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में गीता प्रेमियों द्वारा श्रीमद्भगवद गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर पाठ जिला मुख्यालय पर 1100-1100 एवं विकास खंड स्तर पर 500- 500 गीता पाठियों के कार्यक्रम विश्व गीता प्रतिष्ठानम एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किए जाने हेतु निर्देशित किया है।

## खबर संक्षेप



### ई. व्ही.एम. वेयर हाउस का किया गया निरीक्षण

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ई.व्ही.एम. वेयरहाउस (बिना ताला खोले) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग, राजनीतिक दल के प्रतिनिधि विष्णु प्रताप सिंह, अरफाना बेगम, रवींद्र वर्मा, निर्वाचन सुपरवाइजर संजय खरे सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भूमिहीन व्यक्तियों को आवासीय पट्टा प्रदान करने सर्वेक्षण दल गठित

**कटनी।** मप्र शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार, जिले के नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्तियों को आवासीय पट्टा प्रदान किया जाना है। इसी क्रम में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर नगर परिषद बरही के भूमिहीन व्यक्तियों को आवासीय भूमि का पट्टा प्रदान करने हेतु सर्वेक्षण दल गठित किया गया है। एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता द्वारा जारी आदेश के अनुसार गठित सर्वेक्षण दल के अध्यक्ष नायब तहसीलदार, बरही होंगे। जबकि मुख्य नगरपालिका अधिकारी बरही, संबंधित राजस्व निरीक्षक, संबंधित हल्का पटवारी और संबंधित निकाय के वार्ड प्रभारी इस दल के सदस्य होंगे। आदेश में गठित दल को 13 दिसंबर 2025 तक सर्वेक्षण कार्य पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं।

### प्रकरणों को राजीनामा से निराकरण करने हुई बैठक

**कटनी।** न्यायालय में लंबित मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों का निराकरण राजीनामा से कराने हेतु जिला न्यायाधीश संजय गुप्ता के द्वारा जिला न्यायालय कटनी के कॉन्फ्रेस हॉल में ओरियंटल, न्यू इंडिया एवं चोलामण्डलम बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं एवं क्लेमेंट अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं एवं आवेदक अधिवक्ताओं के साथ न्यायालय में लंबित मोटर दावा दुर्घटना के प्रकरणों के राजीनामे के आधार पर निराकरण हेतु आवश्यक चर्चा की गई। साथ ही अधिक से अधिक प्रकरणों में राजीनामा होने की संभावना व्यक्त की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं सचिव सुमित शर्मा और जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन ने आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को आपसी समझौते से निराकरण कराये जाने आमजन से अपील की।

### जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक 5 दिसंबर को

**कटनी।** जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में 5 दिसंबर को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान से सभी शासकीय एवं अशासकीय सदस्यों को बैठक हेतु एजेण्डा कार्यालय में उपलब्ध कराने एवं बैठक मे उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक 9 दिसंबर को होगी

**कटनी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में मंगलवार,9 दिसंबर को अपरान्ह 2:30 बजे से आयोजित होगी। सुश्री कौर द्वारा बैठक में मनरेगा,पंचायत (निर्माण),15वां वित्त,मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम (एमडीएम) /शिकायत शाखा, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वाटरशेड), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), विधि शाखा एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण की समीक्षा की जाएगी।

# प्राथमिक शाला बोकरा में बच्चे पानी के लिए होते हैं परेशान







विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बोकरा प्राथमिक विद्यालय में हैंडपंप नहीं है बच्चों को पानी के लिए दूर जाना पड़ता है विद्यालय परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र भी वहां के नौनिहाल भी पानी के लिए परेशान रहते हैं

ब्यौहारी

साझा चूल्हा में काम करने वाली प्रेमवाई यादव ने बताया की शाला के वगल में एक हैंडपंप है लेकिन वह खराब हो चुका है उसमें सिर्फ 1 बाल्टी पानी ही निकलता है, जिससे बेहद परेशानी हो रही है।

### इनका कहना

नल जल योजना का पानीं भी अभी गांव तक नहीं पहुंचा है हम लोगों को खाना बनाने के लिए पानी लेने गांव जाना पड़ता है

**प्रेम बाई यादव रसोईया।**

यहां पर पानी की समस्या है हैंडपंप में पानी नहीं है विभाग को जानकारी भेज दिया हूं बच्चों को पानी पीने दूर जाना पड़ता है ।

**राम दयाल कुशवाहा**
**प्रधानाध्यापक।**



# सड़क का हो रहा घटिया निर्माण कार्य

**ब्यौहारी।**

जनपद पंचायत ब्यौहारी- अंतर्गत ग्राम पंचायत साखी मौहार टोला कोलान वार्ड नंबर 2 मे बन रही पीसीसी रोड जो की गुणवत्ता विहीन वन रही है क्योकि बने मसाला को छूने से पता चलता है कि सीमेंट नाम मात्र की मिलाई जाती है और वेस मे तो केवल रेता ही रेता बस डाला जाता है काम मे लगे लेवरो से पूछने से पता चला की कही थोडा बहुत सीमेंट भी मिल जाती है नही तो रेता से ही गिट्टी बराबर कर दी जाती है जब सरपंच से पूछे की मसाला इतना धीमा क्यो है तो सरंपच बोले की रेता लाल मिट्टी वाला है दुसरी बात यह भी है काम करने का समय के साथ भी खिलवाड किया जाता है क्योकि सरपंच को एक मिस्त्री के अलावा दूसरा मिस्त्री नहीं मिलता अपने पंचायत के लिए टोपी लाल साहू 12:00 1:00 बजे तक गाव मे घुमते नजर आते हैऔर 2:00 बजे काम मे लग जाते है जबकि मिस्त्री टोपीलाल को संवादतादा ने स्वंय पंडितान टोला मे 12:40 बजे पैदल घुमते देखा और वही से कोटा से पुनः संवाददाता पहुचे रोड निर्माण स्थल जहा सरपंच स्वंय काम मे लगे रहे जो कि पूछने पर गुणवत्ता के बारे मे बताऐ की सब सही है और जब पत्रकार स्वंय देखा तो गुणवत्ता विहीन कार्य नजर आया और मिस्त्री के बारे मे पुछा की अभी12:40 बजे मिस्त्री पंडितान टोला मे रहे तो सरपंच हीरालाल साकेत बोले की मिस्त्री की आज दिनांक को पेशी रही तो ऐसे कार्य करने वालो पर शासन-प्रशासन से मांग है की कार्यवाही की जाए।

# नवविवाहिता की हत्या, खलिहान में छिपाया गया था शव

**शहडोल।**

जिले के जैतपुर थाना अंतर्गत चौकी दरशिला के खाड़ा गांव में 25 वर्षीय नवविवाहिता संगीता प्रजापति की धारदार हथियार से हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार देर रात की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार संगीता के सिर पर धारदार हथियार से हमला किया गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चौंकाने वाली बात यह रही कि हत्या के बाद शव को घर से लगे खलिहान में घास के ढेर के बीच छिपाने का प्रयास किया गया। शनिवार सुबह जब परिजनों ने संगीता की तलाश शुरू की, तो उनका सामना खलिहान में घास के बीच पड़े शव से हुआ। तत्काल इसकी सूचना जैतपुर पुलिस को दी गई। परिजनों ने बताया कि एफएसएल टीम घटनास्थल पर 13 घंटे की देरी से पहुंची, जिसके कारण शव रात भर वहीं पड़ा रहा। परिजन और पुलिस पूरी रात मृतका की लाश की पहरेदारी करते रहे। शनिवार सुबह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जैतपुर अस्पताल भेजा। पुलिस जांच में पता चला है कि संगीता घर में ही रहती थी, जबकि उसका पति माखन प्रजापति शुक्रवार सुबह काम पर चला गया था। घर में संगीता के साथ सास और जेठ भी मौजूद थे। शुक्रवार शाम संगीता का अपने जेठ से विवाद हुआ था, जिसके दौरान स्थिति इतनी बिगड़ गई कि घटना हत्या में बदल गई। जैतपुर पुलिस ने सास और जेठ सहित नजदीकी परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी जल्द होगी।

### इनका कहना है

खाड़ा गांव में नवविवाहित महिला का शव मिला है। एफएसएल की टीम मौके पर जांच में जुटी है। कुछ संदेही परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

**जियाउल हक**
**थाना प्रभारी, जैतपुर**

# घुनघुटी पंचायत में लगातार हो रहा है भ्रष्टाचार







**घुनघुटी**

पंचायत में सरपंच पति व सिकेटरी मिल जुल कर पंचायत का काम करा रहे हैं अभी पिछले साल बनी गांधी ग्राम में तीन लाख पचास हजार की पुल का निर्माण किया गया था पर साल भर नहीं चल पाई पुल पूरी तरह से जर जर हो गया ये पुल का निर्माण सरपंच के ख़ास लोगों ने किया था

# सीईओ ने एसआईआर अभियान के तहत मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**शहडोल।**

जिले की जनपद पंचायत जयसिंहनगर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती शिवानी जैन ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत मतदान केंद्र करकी और तगावर सेमरा में किए जा रहे डिजिटलीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने बीएलओ को निर्देश दिए कि मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रक को बीएलओ ऐप में शत-प्रतिशत अपलोड किया जाए तथा डिजिटलीकरण कार्य को शीघ्रता से पूरा किया जाए। उन्होंने मौके पर ही अपने समक्ष गणना पत्रक के डेटा को ऐप में दर्ज करवाकर कार्य की प्रगति का अवलोकन किया।

सीईओ ने संबंधित अधिकारियों से मतदाताओं की संख्या, गणना पत्रक वितरण, प्राप्त फॉर्मों की स्थिति सहित अन्य आवश्यक जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शुचिता से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ समय पर पूरा किया जाना चाहिए।

### आपत्तिजनक वीडियो बनाकर युवक से वसूली

# कोतवाली के दो आरक्षक निलंबित, कप्तान ने की कार्यवाही

**शहडोल।**

प्रदेश में पुलिसकर्मियों द्वारा अनुशासनहीनता और आपराधिक कृत्यों में शामिल होने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही। इसी कड़ी में शहडोल से एक शर्मनाक मामला उजागर हुआ है, जिसमें कोतवाली थाने के दो आरक्षकों ने अपनी वर्दी की मर्यादा को ठेस पहुंचाते हुए एक युवक को ब्लैकमेल कर उससे बड़ी रकम वसूल ली। मामले के सामने आने पर पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने दोनों जवानों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

जानकारी के अनुसार आरक्षक पप्पू यादव और आलोक मिंज पांडवनगर बीट पर तैनात थे। उन्हें सूचना मिली थी कि पड़ोसी जिले से आया एक युवक किराए के मकान में एक युवती के साथ रुका हुआ है। दोनों आरक्षक मौके पर पहुंचे और बंद कमरे में युवक-युवती की निजी स्थिति का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया। इसके बाद उन्होंने युवक को डराकर धमकाना शुरू कर दिया। आरक्षकों ने वीडियो को डिलीट करने और मामले को बाहर न ले जाने की एवज में युवक से करीब तीन लाख रुपये की मांग की। भयभीत युवक ने परिचितों से पैसे की व्यवस्था कर दोनों पुलिसकर्मियों को राशि दे दी। जब परिचितों ने उससे पैसे की जरूरत का कारण पूछा, तो पूरा मामला सामने आया और उन्होंने युवक को वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करने की सलाह दी। पीड़ित युवक ने सबूतों सहित एसपी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई। एसपी ने दोनों आरक्षकों को तलब कर पूछताछ की। शुरुआत में उन्होंने मामले से पल्ला झाडने की कोशिश की, लेकिन कठोर पूछताछ में दोनों ने युवक से पैसे लेने की बात स्वीकार कर ली।

साक्ष्यों के आधार पर एसपी ने दोनों आरक्षकों को तत्काल निलंबित कर दिया है। प्रकरण ने पुलिस विभाग में हडक्रंप मचा दिया है। अधिकारियों का कहना है कि वर्दी की आड़ में किसी भी प्रकार की अवैध वसूली को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और मामले में आगे विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

### तिलक महाविद्यालय में विद्यापति स्मृति समारोह का दो दिनी आयोजन

# सुप्रसिद्ध नृत्यांगना के निर्देशन में कत्थक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



भोजपुरी साहित्य अकादमी तथा मप्र सांस्कृतिक परिषद, भोपाल के सौजन्य एवं जिला प्रशासन तथा शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को विद्यापति स्मृति समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर में गरिमामय वातावरण में हुआ। यह दो दिवसीय समारोह साहित्य, संगीत, नृत्य और लोक परंपराओं के विविध आयामों को समर्पित है।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैल-चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया। इसी क्रम में तिलक महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की।

#### नृत्य की प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध

समारोह के प्रथम दिवस में सुप्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना डॉ. विजया शर्मा के निर्देशन में मनमोहक प्रस्तुति दी गई। वे पिछले 30 वर्षों से नृत्य और साहित्य के समन्वय को अपनी साधना का आधार बनाकर कार्यरत हैं। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को साहित्यिक भावबोध एवं शास्त्रीय नृत्य की अद्भुत संगति से अभिभूत किया। उन्होंने मैथिल कोकिल विद्यापति की कविताओं पर अपनी सुंदर प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम मे डॉ. विजया शर्मा ने कहा कि "विद्यापति के पदों में भक्ति, प्रेम और लोकभाषा की सहज माधुरी है। मेरी प्रस्तुति इसी माधुर्य को नृत्य-भावों के माध्यम से दर्शकों तक पहुँचाने का प्रयास है, ताकि साहित्य और नृत्य का यह संगम हृदय को छू सके।"

#### खुशियों से जुड़ा है विशेष नृत्य

तिलक महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत शैला नृत्य ने समारोह में ग्रामीण चेतना और लोकजीवन की झलक से सभी का मन मोह लिया। यह नृत्य विशेष रूप से फसल की कटाई और नए अन्न के घर आगमन की खुशी में किया जाता है और गोंड जनजाति की सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ा हुआ है। छात्राओं की आकर्षक प्रस्तुति ने उपस्थित जनों को ग्रामीण जीवन की सहजता, उल्लास और सांस्कृतिक गहराई का मार्मिक अनुभव कराया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार वाजपेई ने कहा कि "विद्यापति स्मृति समारोह हमारे संस्थान की सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में साहित्य, संगीत एवं लोककलाओं के प्रति संवेदना विकसित होती है। हम आगे भी इसी प्रकार पारंपरिक और आधुनिक कला-धाराओं के संरक्षण हेतु प्रयासरत रहेंगे।"

कार्यक्रम में मंच संचालन एवं एंकरिंग की भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन सादात भारती द्वारा किया गया, जिनकी सधी हुई प्रस्तुति ने पूरे समारोह को संयोजित और प्रभावी बनाया। समारोह के दूसरे दिन साहित्य एवं संस्कृति से जुड़े विभिन्न सत्रों और प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा।

# गीता के उपदेश विपरीत परिस्थितियों में देते हैं संबल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में गीता जयंती के अवसर पर प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. विमला मिंज के संयोजन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में छात्राओं को कर्मयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि भगवद्गीता में श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र के युद्धक्षेत्र में अर्जुन को जो अमर उपदेश दिए, वे आज भी विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य को संबल प्रदान करते हैं। निष्काम कर्म, धैर्य, संयम और आत्मसंयम ही जीवन का सच्चा सार है।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. विमला मिंज ने भगवद्गीता के 15वें अध्याय 'पुरुषोत्तम योग' की गहन व्याख्या की। उन्होंने बताया कि इस अध्याय में संसार को एक उल्टे पीपल के वृक्ष के रूप में दर्शाया गया है, जिसकी जड़ें ऊपर और शाखाएँ नीचे की ओर हैं। संसार की आसक्ति ही बंधन का कारण है तथा भगवान ही पुरुषोत्तम हैं।

गीता जयंती के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने ऑनलाईन पंजीयन कराया है।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. साधना जैन, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, के.जे. सिन्हा, डॉ. वीणा सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अमिताभ पाण्डेय, बंदना मिश्रा, डॉ. रोशनी पाण्डेय, विनेश यादव, सुश्री मिथलेश्वरी आदि की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### अजाक्स के प्रदेशाध्यक्ष के बयान से असहमत अजाक्स के जिला संरक्षक



अनूपपुर। अजाक्स कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष वर्मा द्वारा अपने संगठन के एक कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के प्रति दिए गए विवादित वक्तव्य की जिले में व्यापक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। अजाक्स कर्मचारी संगठन के जिला अनूपपुर संरक्षक वरिष्ठ कर्मचारी नेता डी.एस. राव ने इस बयान पर कहा कि इस प्रकार का विचार किसी भी समाज के लिए उपयुक्त नहीं है। भारतीय परंपरा और संस्कृति हमेशा माता बहनों एवं सभी वर्गों के सम्मान की शिक्षा देती आई है। यह हमारे संगठन का भी मूल उद्देश्य है। श्री राव ने स्पष्ट कहा कि किसी भी व्यक्ति को समाज के प्रति अपमानजनक या विभाजनकारी वक्तव्य देना किसी भी सामाजिक सौहार्द्र को ठेस पहुँचाता है और ऐसी मानसिकता को किसी भी स्थिति में उचित नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि विवाद के बाद प्रदेश अध्यक्ष संतोष वर्मा द्वारा सार्वजनिक रूप से इस विषय पर माफी भी मांगी गई है, जो एक सकारात्मक पहल है। श्री राव ने कहा कि हमारा दायित्व समाज को उचित दिशा दिखाना है। सामाजिक हितों के लिए संयमित रूप से अन्याय अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करना नेतृत्व की जिम्मेदारी होती है कि वह अपनी वाणी और व्यवहार से समाज को जोड़ने का काम करे, न कि उसे बांटने का। इस प्रकार के विचार प्रस्तुत करने से लोगों में गलत संदेश जाता है और समाज में अनावश्यक तनाव उत्पन्न होता है। राव ने सभी संगठनों और पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे संयमित भाषा का उपयोग कर समाज में सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश दें। समाज में सौहार्द, सम्मान और भाईचारे की भावना बनाए रखने के उद्देश्य से राव का यह वक्तव्य प्रेरणादायक बताते हुए कई कार्यकर्ताओं ने उनका समर्थन किया।

### स्वास्थ्य केंद्रों का जिपं सीईओ ने किया आकस्मिक निरीक्षण



अनूपपुर। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने कोतमा जनपद क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा एवं कोठी तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निगरानी व उप स्वास्थ्य केंद्र बहेराबांध का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अलका तिवारी तथा बीएमओ डॉ के एल दीवान सहित अन्य संबंधी जन उपस्थित थे। जिला पंचायत की सीईओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा के ओपीडी, इमरजेंसी कक्ष, डॉक्टर रूम, बाल रोग कक्ष, ऑक्सीजन एवं स्टोर कक्ष के निरीक्षण के साथ स्टाफ तथा दवाईयो की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली गई। उन्होंने इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निगरानी तथा उप स्वास्थ्य केंद्र बहेराबांध का निरीक्षण कर जायजा लिया जिला पंचायत सीईओ ने निरीक्षण के दौरान बीएमओ को शौचालय तथा परिसर की नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा के स्टोर कक्ष तथा शौचालय की आवश्यक मरम्मत का कार्य एक सप्ताह में करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान उन्होंने डिजिटल एक्स-रे रूम, टीवी रूम, टीकाकरण कक्ष, पोषण पुनर्वास केंद्र, प्रसव कक्ष, पैथोलॉजी कक्ष, सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण करते हुए भर्ती बच्चों को पोषण आहार एवं माताओं को नियमित आहार प्रदान किए जाने के निर्देश देते हुए प्रतिदिवस स्वास्थ्य प्रगति की निगरानी के निर्देश दिए।

### 1 माह में दो बार पुताई के नाम पर लाखों का भ्रष्टाचार

# तुलसी महाविद्यालय में सूचना के अधिकार में मिला 'भ्रष्टाचार' का रंग

#### काले कारनामों का खुला चिट्ठा, गुरू की साख कर रहे धूमिल

**अनूपपुर। जिले का अग्रणी महाविद्यालय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर जो हमेशा अपने काले कारनामों के लिए सुर्खियों में रहता है और आए दिन समाचार पत्रों के माध्यम से यहां के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार सक्सेना द्वारा किए गए भ्रष्टाचार देखने को मिलता है।**

वर्तमान में एक ताजा मामला सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त हुई है जिसमें तुलसी कॉलेज भवन की पुताई उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा दिसंबर 2024 में हुआ और यहां के माननीय प्राचार्य एक माह के भीतर ही जनवरी 2025 में पुनः कॉलेज की पुताई कागजों में दिखाकर लाखों रुपए का वारा न्यारा करने में कामयाब हो गए हैं। सूचना के अधिकार के तहत महाविद्यालय प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी पत्र 01.06.2024 को मध्य प्रदेश के चिन्हित महाविद्यालय की पुताई का आदेश जारी किया गया है जिसमें कार्यालय प्रमुख अभियंता मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग को पुताई करने का आदेश प्राप्त हुआ जिसमें अनूपपुर शासकीय तुलसी महाविद्यालय के पुताई हेतु कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग अनूपपुर को प्राप्त हुआ जिसमें मेसर्स पीके त्रिपाठी को ठेका मिला।

पुताई ठेके का दर 12.9 प्रति स्क्वायर फिट एवं कार्य वर्ष 2024-25 माह अक्टूबर से दिसंबर के मध्य कराया जाना साथ ही पुताई कार्य में कुल लागत 6,67,961 रुपए राशि खर्च हुई। इस तरह महाविद्यालय भवन की पुताई दिसंबर 2024 में उपर्युक्त लागत में पूर्ण हो गई। अब बात उठती है महाविद्यालय प्रशासन द्वारा माह जनवरी 2025 में पुनः बिना निविदा और बिना किसी प्रकार के सूचना पटल मे चस्पा तथा समाचार पत्रों में प्रकाशन कराए बगैर प्राचार्य द्वारा दिनेश आर्ट्स के नाम पर पुताई कार्य दिखा कर चेक क्रमांक 127874 दिनांक 29.1.2025 राशि 15 लाख 27532 रुपए भुगतान कर दिया गया जिसकी पावती भी दिनेश आर्ट्स के द्वारा प्राचार्य डॉ सक्सेना को दी गई। यह पेमेंट इन्होंने जनवरी माह में ही कई टुकड़ों में बिल लगाया गया और भुगतान एक साथ प्राप्त किया गया।



#### अब खुलकर दिखा भ्रष्टाचार

समस्त मामलों को अध्ययन करने के बाद साफ-साफ यह साबित होता है कि प्राचार्य डॉ अनिल कुमार सक्सेना के द्वारा खुलेआम व्यापक स्तर में भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया है। इस व्यापक घोटाले के सहित अन्य इनके द्वारा किए गए काले कारनामों का पूरे चिट्ठे की शिकायत जन भागीदारी प्रशासक शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर से की जा चुकी है लेकिन आज तक किसी भी प्रकार का जांच एवं कार्यवाही का शून्य होना छात्र हित में बड़ा प्रश्न खड़ा करता है? नागरिकों के द्वारा लगातार आवाज उठाने के बाद छात्र हित में प्रशासन कोई कदम नहीं उठा रही है। तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य पर गेट घोटाला, सेड घोटाला, अनैतिक वस्तुओं का कॉलेज बस में प्राप्त होना जैसी विभिन्न शिकायतें हो चुकी है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राचार्य के दो अनमोल रतन है जो पूरी तरह से अध्यापन कार्य को प्रभावित करके उनके लिए चेला गिरी और ठेकेदारी का काम करते हैं।

# पसान की पेयजल योजना बनी परेशानी का सबब

#### जिम्मेदारों की लापरवाही ने बिगाड़े हालात

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** नगर पालिका परिषद पसान में संचालित शहरी पेयजल योजना अब नागरिकों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन गई है। योजना का कार्य सेंट्रल इंडिया इंजीनियरिंग, नागपुर को दिया गया था, जिसे आगे पेटी कांट्रैक्ट में अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, भोपाल को सौंपा गया दोनों एजेंसियों की लापरवाही और डच्न्क्ब (मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी) अधिकारियों की उदासीनता तथा मिलीभगत के कारण यह योजना जनता के लिए राहत के बजाय बोझ का कारण बन गई है चार वर्ष से अधिक समय बीतने के बावजूद कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी है। शहर में जगह-जगह सीसी और बीटी रोड को बिना योजना काटकर अधूरा छोड़ दिया गया है, चेंबर अधूरे हैं, ढक्कन गायब हैं, पाइप लाइनें खुली पड़ी हैं, नई बनी सड़कें धंस रही हैं, कई मार्ग महीनों से गड्ढों में तब्दील हैं, आवागमन बाधित है और पेयजल की मुख्य सप्लाई लाइन आज तक शुरू नहीं हो सकी है इससे भी अधिक गंभीर बात यह है कि केवई नदी में पानी रोकने के लिए बनाया गया डैम पहली ही बारिश में बह गया, लेकिन न उसकी मरम्मत हुई और न ही संबंधित एजेंसी या डच्न्क्ब अधिकारियों ने कोई कार्रवाई की पूर्व में नागरिकों ने इस अव्यवस्था और जोखिमपूर्ण कार्यशैली के खिलाफ कई शिकायतें भी दर्ज कराई थीं, परंतु उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा यह संपूर्ण स्थिति निर्माण गुणवत्ता और निगरानी की भारी कमी को उजागर करती है। नागरिकों का कहना है कि पेयजल योजना के कारण पूरा कस्बा धूल, कीचड़ और खुदाई से पटी सड़कों में बदल गया है स्थिति ऐसी है कि आने वाले दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं। जिला प्रशासन से नागरिकों की एक ही अपेक्षा है कि जिम्मेदार एजेंसियों और डच्न्क्ब अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही कर अधूरे एवं गुणवत्ता-विहीन कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा कराया जाए।



#### इनका कहना है

काम बंद नहीं है कुछ जगहों पर काम चल रहा है और कुछ जगहों पर नपा अध्यक्ष काम करने नहीं दे रहे हैं। रही बात टूटे हुए डैम की तो उसे पुनः बनाया जाएगा लेकिन अभी वहां पानी है।

**विजय सिंह प्रोजेक्ट मैनेजर**
**एमपीयूडीसी शहडोल**

# कोयला व लिग्नाइट की खोज में प्राइवेट कंपनियों की एंट्री

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** कोयले की खोज और खनन के लिए प्लान एवं डिजाइन का कार्य अब निजी कंपनियां भी करेंगी। कोयला मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर 18 कंपनियों को इसके लिए अधिकृत किया है। वर्तमान में कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट (सीएमपीडीआइएल) देश की एकमात्र सरकारी एजेंसी है, जो कोयले की खोज और खनन के लिए प्लान एवं डिजाइन कर रही है। सीएमपीडीआइएल का गठन 1973 में किया गया था। केंद्र सरकार ने अब इस क्षेत्र में निजी सेक्टर की एंट्री करा दी है। खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4 की उप-धारा (1) के दूसरे प्रावधान के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय गुणवत्ता परिषद- राष्ट्रीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रत्यायन बोर्ड द्वारा विधिवत मान्यता प्राप्त निजी संस्थाओं को 26 नवंबर को मान्यता प्राप्त पूर्वेक्षण एजेंसियों के रूप में अधिसूचित किया गया है। इससे कोयला और लिग्नाइट की खोज के लिए 18 और एजेंसियां जुड़ जायेंगी, जिससे कोयला ब्लॉक आवंटियों को कोयला और लिग्नाइट की खोज के लिए इन एजेंसियों को नियुक्त करने में अधिक विकल्प मिलेगा. कोयला खदान के संचालन के लिए भूगर्भीय रिपोर्ट का अन्वेषण और तैयारी एक पूर्व शर्त है। इन अन्वेषण एजेंसियों के जुड़ने से लगभग छह महीने का समय बचेगा, जो पहले एजेंसी द्वारा लाइसेंस प्राप्त करने में लगता था। अधिकृत संभावित एजेंसियों के समूह का विस्तार करके सरकार निजी क्षेत्र के संसाधनों का उपयोग करना और अन्वेषण में दक्षता, प्रतिस्पर्धात्मकता तथा तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना चाहती है। अधिकृत संभावित एजेंसियों के समूह का विस्तार करके, सरकार निजी क्षेत्र के संसाधनों का उपयोग करना और अन्वेषण में दक्षता, प्रतिस्पर्धात्मकता तथा तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना चाहती है।

### निर्देश के बावजूद स्वास्थ्य केंद्रों मे मरीजों को नहीं मिल रहे कंबल

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले के बिजुरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में कड़ाके की ठंड के बावजूद मरीजों को चादर और कंबल नहीं दिए जाने का आरोप है, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति केवल बिजुरी तक सीमित नहीं है। जिले के अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और यहां तक कि जिला चिकित्सालय में भी मरीजों को कड़ाके की ठंड में कंबल नहीं मिलने की शिकायतें हैं। इस मामले पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (ब्डभ्०) अलका तिवारी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बताया कि उन्होंने कोतमा, बिजुरी और कोठी निगवानी सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया है। मरीजों को कंबल और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।



# जैतहरी में बस्ती स्कूल रोड का हुआ लोकार्पण, विकास की नई राह खुली

**हरिभूमि न्यूज जैतहरी।** जैतहरी बस्ती की सबसे बड़ी और लगभग दो दशकों से लंबित समस्या आखिरकार दूर हो गई है। बस्ती स्कूल रोड के करीब 400 मीटर लंबे हिस्से का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में खुशहाली और राहत का माहौल है। लंबे समय से जर्जर व उखड़ी सड़क के कारण बच्चों को स्कूल पहुँचने में दिक्कत, बारिश में कीचड़, जलभराव तथा आमजन को आवागमन में बड़ी परेशानी होती थी। अब सड़क के मजबूत निर्माण से बस्ती में विकास की नई राह खुल गई है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता एवं सीएमओ भूपेंद्र सिंह ने संयुक्त निरीक्षण कर सड़क को बस्तीवासियों को समर्पित किया। दोनों ने बताया कि यह सड़क वर्षों से बस्तीवासियों की प्रमुख मांगों में से एक थी, जिसे तकनीकी और वित्तीय चुनौतियों के बावजूद प्राथमिकता देकर पूरा किया गया। अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता ने कहा यह सड़क मेरे प्यारे बस्तीवासियों को समर्पित है। यह केवल सड़क निर्माण नहीं, बल्कि बस्ती के विकास का एक बड़ा कदम है। हमारा लक्ष्य है कि जैतहरी की हर पुरानी समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, वहीं सीएमओ भूपेंद्र सिंह ने बताया कि निर्माण की पूरी प्रक्रिया में गुणवत्ता को सर्वोपरि रखा गया। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस सड़क को अधिक टिकाऊ और मजबूत बनाया गया है, ताकि आने वाले वर्षों में लोगों को कोई असुविधा न हो। स्थानीय नागरिकों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि दो दशक की प्रतीक्षा के बाद यह कार्य पूर्ण होना बस्ती के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। अब बच्चों को स्कूल जाने में आसानी होगी, दैनिक आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र की समग्र प्रगति को गति मिलेगी। सड़क निर्माण के लोकार्पण एवं निरीक्षण कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता एवं सीएमओ भूपेंद्र सिंह के साथ निम्न जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अनिल गुप्ता पूर्व उपाध्यक्ष विंध्य विकास प्राधिकरण, कैलाश सिंह मरावी शेख अब्दुल जलील, लाल प्रताप राठौर, दिनेश कोल राजकुमार मिश्रा, शिवकुमार सराफ, भीखम सिंह राठौर, नाथूराम राठौर, सुनीता जैन, नरेश नापित, प्रकाश चंद गुप्ता, अमर सिंह राठौर, दिनेश राठौर, मंडल अध्यक्ष दिनेश चंदेल, किशन लाल चौधरी रामबाबू अवस्थी, पोषण सिंह राठौर, भोले राठौर, सोनू राठौर रमेश राठौर सहित बड़ी संख्या में बस्तीवासी मौजूद रहे।



# बिजुरी पुलिस ने अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध की कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान द्वारा जिले में अपराधो में नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु निर्देशित किया गया। जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन में थाना बिजुरी पुलिस द्वारा अवैध रेत परिवहन की कार्यवाही की गई। जानकारी के अनुसार 28 नवंबर को दौरान गश्त मुखबिर सूचना पर बैहाटोला केवई नदी घाट से एक बिना नंबर स्वराज कंपनी का ट्रेक्टर का चालक ट्राली मे रेत खनिज लोड कर परिवहन कर रहा था जिसे मौके पर जाकर उक्त ट्रेक्टर मय रेत भरी ट्राली को समक्ष गवाहो के जप्त किया गया। आरोपी चालक मौके से फरार हो गया है, घटना विवरण पर अज्ञात चालक के विरुद्ध अपराध 383/2025 धारा 303(2), 317(5), बीएनएस. 4/21 खनि. अधिनियम का कायम कर अनुसंधान मे लिया गया। जप्त मशरुका- ट्रेक्टर की कीमत 500000 रुपयें एवं रेत खनिज की कीमत 5000 रुपये कुल मशरुका 505000 रुपये। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक विकास सिंह, सहायक उप निरीक्षक रवि करण परासी, आरक्षक लक्ष्मण डांगी आरक्षक मनोज उपाध्याय की उल्लेखनीय भूमिका रही।



# विभिन्न ग्रामों के विकास कार्यों का जिला पंचायत सीईओ ने लिया जायजा

#### निगवानी जीआरएस को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश

**अनूपपुर।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत निगवानी, सारंगगढ़, गुलीडांड, कोठी, बेनीबहरा, बहेराबांध क्षेत्र का सघन निरीक्षण कर ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन की मैदानी स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती ममता मिश्रा सहायक यंत्री जीके मिश्रा जिला पंचायत के मनरेगा परियोजना अधिकारी रावेन्द्र पटेल परियोजना अधिकारी आवास डॉ उमेश द्विवेदी सहित सर्व संबंधित जन उपस्थित थे। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने ग्राम पंचायत में संचालित आधार ई केवाईसी कार्यों की समीक्षा कर ई- केवाईसी कार्य की पूर्णता के निर्देश दिए उन्होंने विभिन्न ग्राम पंचायतो में आवास हितग्राहियों को आवास की पूर्णता के लिए प्रोत्साहित किया उन्होंने ग्राम पंचायत निगवानी के आवास हितग्राही रीता जयसवाल, निशांत सिंह, भूपत कुशवाहा, संतोष नापित से आवास निर्माण कार्य की पूर्णता की चर्चा करते हुए कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने प्रोत्साहित किया। उन्होंने ग्राम पंचायत भवन में नरेगा कार्यों की समीक्षा की तथा सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ई केवाईसी कार्य को 80 प्रतिशत करने के निर्देश दिए तथा खेत तालाब की भी विस्तृत समीक्षा की, ग्राम पंचायत के कार्यों में लापरवाही बरतने पर ग्राम रोजगार सहायक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सारंगढ़ में खनिज प्रतिष्ठान मद से स्वीकृत सामुदायिक पंडाल निर्माण कार्यों की जानकारी ली व एक बगिया मां के नाम हितग्राही दुर्गाबाई के पौधारोपण स्थल का निरीक्षण करते हुए पौधारोपण के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने आवास प्लस सर्वे कार्य का मौके पर जायजा लिया तथा परिसंपत्ति रजिस्टर का भी अवलोकन किया एक बगिया मां के नाम हितग्राही सियाबाई महेश केवट की बगिया का भी अवलोकन किया। ग्राम पंचायत गुलीडांड पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास हितग्राही राजबली साहू के निर्माणाधीन आवास का अवलोकन करते हुए एक सप्ताह में कार्य की पूर्णता के निर्देश दिए उन्होंने एक बगिया मां के नाम हितग्राही सरोजिनी के बगिया का निरीक्षण कर उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया तथा कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत कोठी में खेत तालाब कार्य की समीक्षा की तथा ग्राम सुदूर संपर्क मार्ग, अमृतसर सरोवर के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने ग्राम पंचायत बहेराबांध में ग्रेवल मार्ग का निरीक्षण किया तथा एक बगिया मां के नाम हितग्राही कुंती के बगिया का भी अवलोकन किया।

